# खेल जगत



आठ साल बाद भारत की जर्सी पहनने का सपना अभी भी उनके भीतर पल रहा है। नायर ने विदर्भ के लिये विजय हजारे ट्रॉफी में 752 रन बनाये।

-करूण नायर

भारतीय बल्लेबाज, भारतीय क्रिकेट टीम में खेलने के सपने को लेकर।

**आज का खिलाड़ी**


## रिंकू सिंह



**समाजवादी** पार्टी सांसद प्रिया सरोज के परिजनों ने टीम इंडिया के बल्लेबाज रिंकू सिंह के साथ सगाई की खबरों को भ्रामक बताते हुये कहा है कि रिंकू के साथ प्रिया के रिश्ते की अभी बातचीत चल रही है। गौरतलब है कि सोशल मीडिया में रिंकू और प्रिया की सगाई संबंधी खबरें वायरल हो रही हैं और दोनो के बीच सगाई की सूचना की पुष्टि लखनऊ के इकाना स्टेडियम पर प्रशिक्षण शिविर में भाग ले रहे रिंकू के कुछ साथियों ने भी अपना नाम न छापने की शर्त पर की है मगर इसकी पुष्टि अथवा खंडन न तो रिंकू सिंह ने और न ही प्रिया सरोज ने अब तक किया है।

**क्या आप जानते हैं ?...** पुर्तगाल केक्रिस्टियानो रोनाल्डोने अब तक 217 मैचों में 135 गोल किए हैं और वह पुरुष फुटबॉल में सबसे अधिक अंतरराष्ट्रीय गोल करने वाले खिलाड़ी हैं।

# द्रौपदी मुर्मु ने गुकेश सहित चार खिलाड़ियों को खेल रत्न पुरस्कार से किया सम्मानित



नई दिल्ली, 17 जनवरी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को विश्व शतरंज चैंपियनशिप विजेता ग्रैंडमास्टर डी गुकेश और पेरिस ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली महिला निशानेबाज मनु भाकर सहित चार खिलाड़ियों को खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में मुर्मु ने विभिन्न स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न, अर्जुन और द्रोणाचार्य पुरस्कारों से सम्मानित किया।

सबसे पहले शतरंज में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया। इसके बाद ओलिंपिक में दो पदक जीतने वाली महिला निशानेबाज मनु भाकर, हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह और पैरा एथलीट प्रवीण कुमार को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया। इसके अलावा राष्ट्रपति ने अन्नू रानी को एथलेटिक्स, स्वीटी को मुक्केबाजी, वंतिका अग्रवाल को शतरंज, सलीमा टेटे, अभिषेक संजय, जरमनप्रीत सिंह और सुखजीत सिंह को हॉकी में, राकेश कुमार को (पैरा-तीरंदाजी), प्रीति पाल (पैरा एथलेटिक्स) अजित सिंह, सचिन सरजेराव खिलारी (पैरा एथलेटिक्स) और धर्मबीर (पैरा एथलेटिक्स), प्रणव सूरमा (पैरा एथलेटिक्स), एच होकातो सेमा (पैरा एथलेटिक्स), सिमरन (पैरा एथलेटिक्स), नवदीप (पैरा एथलेटिक्स), नितेश कुमार (पैरा बैडमिंटन) को, थुलासिमाती मुरुगेसन (पैरा बैडमिंटन), नित्या श्री सुमाथी सिवान (पैरा बैडमिंटन), मनीषा रामदास (पैरा बैडमिंटन), कपिल परमार (पैरा जूडो) और मोना अठावाल (पैरा निशानेबाजी) को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया।

सुभाषा राणा (पैरा निशानेबाजी नियमित वर्ग), दीपाली देशपांडे (निशानेबाजी नियमित वर्ग), संदीप सांगवान (हॉकी नियमित वर्ग), एस मुरलीधरन (बैडमिंटन लाइफटाइम वर्ग) और अरमांडो एगनेलो कोलाको (फुटबॉल (लाइफटाइम वर्ग) के द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सुचा सिंह (एथलेटिक्स) और मुरलीकांत राजाराम पेटकर (पैरा तैराक) को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिये अर्जुन पुरस्कार (लाइफटाइम) पुरस्कार से सम्मानित किया गया। चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी (विजेता), लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (प्रथम उपविजेता), अमृतसर गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी (द्वितीय उपविजेता) को मौलाना अबुल कलाम आजाद ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया को राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## रोहित शर्मा पाक नहीं जाएंगे : सैकिया

नई दिल्ली, 17 जनवरी। कप्तान रोहित शर्मा को लेकर पिछले कुछ दिनों से अटकलें लगाई जा रही थी कि वो चैंपियंस ट्रॉफी टूर्नामेंट 2025 से पहले पाकिस्तान जाएंगे। जहां कप्तानों की बैठक में हिस्सा लेंगे। कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि रोहित शर्मा कम से कम एक बार पाकिस्तान जाएंगे, लेकिन अब इस मामले पर बीसीसीआई ने अपनी चुप्पी तोड़ दी है।वहीं बीसीसीआई के नए सचिव देवाजती सैकिया ने कप्तानों की बैठक में रोहित के भाग लेने पर खुलकर बात की और दावा किया कि अभी तक उन्हें ऐसा कोई प्रस्ताव पीसीबी की तरफ से नहीं मिला है। सैकिया ने बताया कि आईसीसी के साथ इस पर कोई चर्चा नहीं हुई है। इसका मतलब है कि रोहित शर्मा के चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान जाने की संभावना कम है। देवजीत सैकिया ने आगे कहा कि ऐसा कई प्रस्ताव नहीं मिला है और आईसीसी के साथ हमारी चर्चा में ये शामिल नहीं था। हालांकि, सैकिया ने कप्तानों की बैठक में रोहित शर्मा के हिस्सा लेने की पुष्टी नहीं की, लेकिन एक करीबी सूत्र ने इसे बहुत ही नाजुक स्थिति बताया और कहा कि इस मामले को काफी संभलकर हैंडल करने की जरूरत है। क्योंकि पाकिस्तान इस टूर्नामेंट का मेजबान है।

## साकिब महमूद को मिला भारत दौरे के लिए वीजा

नई दिल्ली, 17 जनवरी। कोलकाता के एडेन गार्डन में 22 जनवरी से शुरु होने वाले दौरे के लिए इंग्लैंड के तेज गेंदबाज साकिब महमूद को वीजा मिल गया है। अब साकिब महमूद शुक्रवार को अपनी टीम के साथ कोलकाता की यात्रा कर सकेंगे। एडेन गार्डन में बुधवार को पहला टी-20 होना है।

## अनुशासन भंग करने पर खिलाड़ियों पर लग सकता है प्रतिबंध : बीसीसीआई

मुम्बई, 17 जनवरी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने टीम में 'अनुशासन, एकता और सकारात्मक माहौल' को बढ़ावा देने के लिए एक अभूतपूर्व क़दम उठाते हुए 10 बिंदुओं वाली नियामावली जारी करते हुए कहा कि इसका पालन नहीं वाले खिलाड़ियों का अनुबंध समाप्त कर उनके इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) और घरेलू क्रिकेट खेलने पर रोक लगा दी जायेगी।

'पोलिसी डॉक्यूमेंट फॉर टीम इंडिया' नामक यह नियमावली गुरुवार को खिलाड़ियों को भेज दी गई, इसे पिछले सप्ताह हुई समीक्षा बैठक की सलाह पर शामिल हैं। नियमावली में कहा गया है कि दौरे, मैच और अभ्यास के लिए खिलाड़ी अलग से यात्रा नहीं कर सकेंगे। बैठक में कहा गया कि कुछ खिलाड़ी मैच या अभ्यास के लिए टीम बस की जगह अपनी अलग से वाहन से यात्रा करते हैं, जिससे टीम का अनुशासन भंग होता है।

इसके अलावा यह भी कहा गया कि कुछ खिलाड़ी अभ्यास सत्रों में ठ्ुप के साथ समय नहीं बिता रहे हैं, जिससे टीम का माहौल ख़राब होता है। बीसीसीआई ने कहा है कि अगर किसी खिलाड़ी को किन्हीं विशेष परिस्थितियों में मैच या अभ्यास के लिए अलग से यात्रा करनी है तो उन्हें मुख्य कोच या मुख्य चयनकर्ता से पहले से अनुमति लेनी होगी। इसके अलावा उन्हें किसी अभ्यास सत्र में पूरे समय तक रहना होगा, भले ही उनका अभ्यास पहले समाप्त हो जाये। विदेश दौरों पर भी खिलाड़ियों को परिवार के साथ अलग से यात्रा करने की बजाय टीम के साथ ही यात्रा करने का सुझाव दिया गया है, ताकि टीम में अनुशासन और संगठन को बल मिले। इसमें बताया गया है कि अगर कोई सीरीज या दौरा तय समय से पहले समाप्त होने पर भी खिलाड़ी अपने मन से अलग से यात्रा न करें, इससे टीम की एकता प्रभावित होती है।

बीसीसीआई ने कहा है कि 45 दिनों या उससे अधिक के दौरे पर खिलाड़ियों के परिवार के सदस्य-साथी और बच्चे (18 वर्ष तक) 14 दिनों से अधिक उनके साथ नहीं रह सकते हैं। खिलाड़ी का परिवार केवल एक बार ही उसके साथ आ सकते हैं और उनकी यात्रा की व्यवस्था कोच, कप्तान और बीसीसीआई के संचालन महाप्रबंधक की मंजूरी के बाद संबंधित खिलाड़ी को करनी होगी।

## तेजस्वी गहलोत व गिरिराज खंडेलवाल का हुआ सम्मान

जयपुर, 17 जनवरी। राजस्थान ओलंपिक संघ एवं राजस्थान कबड्डी संघ के अध्यक्ष तेजस्वी सिंह गहलोत व जयपुर जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष गिरिराज खंडेलवाल का ओलंपिक संघ के कार्यालय पर सम्मान किया गया। जिला ओलंपिक संघ, दौसा के सचिव शिवचरण रावत के नेतृत्व में आए विभिन्न खेलों संघों के पदाधिकारी ने गहलोत व खंडेलवाल का माला-साफा बंधवाकर सम्मान किया। इस अवसर पर जयपुर ओलंपिक संघ के अध्यक्ष गिरिराज खंडेलवाल ने कहा की राजस्थान ओलंपिक संघ के अध्यक्ष तेजस्वी सिंह के नेतृत्व में प्रदेश में खेल प्रतिभाओं को तराशने के लिए एक नई पहल शुरू की जाएगी।



उन्होंने कहा कि अब राजस्थान ओलंपिक संघ में विवादों पर विराम लग गया है। अब हमारा प्रयास रहेगा कि सभी खेलों व खिलाड़ियों के हितों के लिए हम सभी को साथ लेकर बिना किसी भेदभाव के उनका सहयोग कर आगामी दिनों में होने वाले राष्ट्रीय खेलों में टीमे भेजें। इस अवसर पर जिला कबड्डी संघ, दौसा द्वारा उन्हें स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। इस अवसर पर जिला सॉफ्टबॉल संघ,जयपुर के सचिव राहुल तंवर, जिला सॉफ्टबॉल संघ, दौसा के सचिव सरदार सिंह, फुटबाल के पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी रसीद अहमद, श्रीकृष्ण गुर्जर, आनंदी लाल गुर्जर, सरदार सिंह अंदाणा, सुरेश कुमार रावत सहित कई खिलाड़ी मौजूद रहे।

## कोहली नहीं खेल पाएंगे रणजी ट्रॉफी मुकाबला

नई दिल्ली, 17 जनवरी। रणजी ट्रॉफी के दूसरे राउंड का आगाज 23 जनवरी से होने जा रहा है। हालांकि, विराट कोहली के घरेलू मुकाबला खेलने पर संश्य और बढ़ गया है। दरअसल, विराट कोहली की गर्दन में मोच आई है, जिसके लिए उन्होंने इंजेक्शन भी लिया है। 23 जनवरी से दिल्ली को सौराष्ट्र के खिलाफ अपना अगला मुकाबला खेलना है, दिल्ली एंव जि क्रिकेट संघ का कहना है कि उन्हें अभी तक कोई अपडेट नहीं मिला है। संभवाना है कि वह बचे हुए दो रणजी ट्रॉफी मैचों में से पहले मैच को छोड़ दें और अगर डीडीसीए चयनकर्ताओं को अपडेट दिया जाता है तो तस्वीर साफ हो सकती है।

### रोहित और गंभीर के बीच सबकुछ नहीं है ठीक?

## इस्तीफा देंगे टीम इंडिया के हेड कोच

नई दिल्ली, 17 जनवरी। पिछले कई दिनों से भारतीय क्रिकेट टीम के अंदर कलह की खबरें जोर पकड़ रही हैं। कभी खिलाड़ियों के बीच आपसी मतभेद तो कभी हेड कोच गौतम गंभीर और खिलाड़ियों के बीच तालमेल ना बैठने की खबरें, अपने चरम पर हैं। वहीं राहुल द्रविड़ के बाद गौतम गंभीर को जब टीम इंडिया का हेड कोच बनाया गया तब मानो लगा भारतीय टीम नई ऊंचाइयां छुएगी लेकिन हुआ इसके बिल्कुल उलट। श्रीलंका, न्यूजीलैंड और बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया के हाथ भारत को करारी हार झेलनी पड़ी। या यूं कहे कि गौतम गंभीर के हेड कोच बनते ही टीम इंडिया डाउनफॉल शुरू हो गया। गंभीर की कोचिंग में टीम इंडिया का प्रदर्शन बेहद खराब रहा। इसके अलावा कोच और कप्तान रोहित शर्मा के बीच सब कुछ ठीक नहीं होने की भी खबरें हैं। रअसल, कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान हेड कोच गौतम गंभीर और भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के बीच सब कुछ ठीक नहीं था। रिपोर्ट्स में इस बात का भी दावा किया गया है कि टीम इंडिया के सीनियर खिलाड़ी कोच गौतम गंभीर के सख्त रवैये से नाखुश हैं। ऐसे में कौच गौतम गंभीर के इस्तीफा को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। तो क्या वाकई में गौतम गंभीर कोचिंग पद से इस्तीफा दे देंगे? ये सवाल तेजी से फैंस के मन में बैठ गया है।



## चैम्पियंस ट्रॉफी से पहले रोहित ने की प्रैक्टिस



नई दिल्ली, 17 जनवरी। टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा बीजीटी गंवाने के बाद से जमकर पसीना बहा रहे हैं। लंबे समय से आउट ऑफ फॉर्म चलने के बाद रोहित चैंपियंस ट्रॉफी के लिए जमकर मेहनत कर रहे हैं। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में बुरी तरह फ्लॉप हुए थे उस दौरान उन्होंने तीन टेस्ट में सिर्फ 31 रन बनाए थे। रोहित शर्मा व्हाइट बॉल से अभ्यास कर रहे हैं। नेट्स के अंदर रोहित अच्छी फॉर्म में दिख रहे हैं। प्रैक्टिस में रोहित ने कुछ काफी अच्छे शॉट्स खेले, उन्होंने जमीनी शॉट्स खेले और कुछ हवाई फायर भी किए।

## गुकेश और हम्पी सम्मानित हुए

नई दिल्ली, 17 जनवरी। अखिल भारतीय शतरंज महासंघ ने विश्व चैंपियन गुकेश डोमराजू को एक करोड़ रुपये और विश्व रैपिड शतरंज चैंपियन कोनेरू हम्पी को 50 लाख रुपये के पुरस्कार से सम्मानित किया। राष्ट्रीय पुरस्कार समारोह की पूर्व संध्या पर गुरुवार को आयोजित सम्मान समारोह में एआईसीएफ ने शतरंज का प्रतिष्ठित विश्व खिताब जीतकर देश को गौरांवित करने वाले 18 वर्षीय डी. गुकेश को एक करोड़ रुपये और उनकी सपोर्ट टीम के लिए 50 लाख के नकद पुरस्कार की घोषणा की।

राजधानी

# जयपुर में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाए : भजनलाल शर्मा

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि आमजन को परिवहन के सुगम साधन उपलब्ध करवाने तथा निर्बाध यातायात व्यवस्था के लिए राज्य सरकार कार्य कर रही है। इसके लिए आवश्यक सुविधाओं और मानव संसाधन की किसी भी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि समय के साथ शहरों की बढ़ती जनसंख्या और विस्तार को ध्यान में रखते हुए यातायात एवं परिवहन व्यवस्था के लिए दूरगामी सोच के साथ कार्ययोजना बननी आवश्यक है। इसके लिए संबंधित विभाग आपसी समन्वय बनाकर विस्तृत रिपोर्ट तैयार करें।

मुख्यमंत्री शर्मा शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास पर जयपुर शहर में सुगम यातायात प्रबंधन को लेकर आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जयपुर प्रदेश की राजधानी और प्रमुख शहर होने के कारण यहां यातायात दबाव अन्य शहरों की तुलना में अधिक है। यहां की यातायात समस्या का स्थाई समाधान निकालने के लिए चरणबद्ध रूप से प्लानिंग बनाकर कार्य करना आवश्यक है।



**मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को उनके आवास पर जयपुर शहर में सुगम यातायात प्रबंधन को लेकर आयोजित बैठक को संबोधित किया। बैठक में मुख्य सचिव सुधांश पंत, अध्यक्ष, राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम शुभ्रा सिंह, अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त अखिल अरोड़ा, शिखर अग्रवाल, आनंद कुमार, महानिदेशक पुलिस हेमंत प्रियदर्शी, एडीजी यातायात अनिल पालीवाल के अतिरिक्त जेडीए, नगर निगम सहित संबंधित विभागों के उच्चाधिकारी उपस्थित रहे।**

- 'भविष्य की आवश्यकता के अनुसार बने यातायात एवं परिवहन व्यवस्था के लिए कार्ययोजना'
- सुचारू व्यवस्था के लिए यातायात पुलिसकर्मियों की संख्या बढ़ाने का निर्देश

शर्मा ने कहा कि जयपुर शहर की यातायात बाधित होने की समस्या के सटीक और स्थाई समाधान के लिए आवश्यक है कि सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था सुदृढ़ हो। आमजन को एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाने के लिए त्वरित और सुगम परिवहन संसाधन उपलब्ध हो, जिससे वे निजी वाहनों की बजाए सार्वजनिक परिवहन से सफर करने को प्राथमिकता दें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सिटी ट्रांसपोर्ट सिस्टम में नई सीएनजी एवं इलेक्ट्रिक बसों को जल्द से जल्द शामिल किया जाए, ताकि लोगों को सुचारू एवं प्रदुषण मुक्त परिवहन सेवा उपलब्ध हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि शहर में यातायात व्यवस्था के सुचारू संचालन के लिए यातायात पुलिसकर्मियों की संख्या बढ़ाई जाए। तब तक वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में होमगार्ड तथा आरएसी बटालियन के जवानों को यातायात संचालन के लिए लगाया जाए। उन्होंने कहा कि शहर के प्रमुख चौराहों और स्थलों पर सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ायी जाकर यातायात नियमों को उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। शर्मा ने कहा कि शहर के प्रमुख मॉल्स, अस्पतालों आदि के बाहर गलत ढंग से वाहनों की पार्किंग से यातायात व्यवस्था बाधित होती है। अत: लोगों को निर्धारित पार्किंग स्थल में ही वाहन खड़ा करने के लिए पाबंद किया जाए। शर्मा ने कहा कि जयपुर की चार प्रमुख सड़कों अजमेर रोड, आगरा रोड, टोंक रोड और सीकर रोड पर यातायात दबाव कम करने के लिए इस रूट पर संचालित होने वाली बसों के लिए उसी रूट पर अतिरिक्त सैटेलाइट बस स्टैंड बनाए जाए। इससे सिंधी कैंप स्थित मुख्य बस स्टैंड पर भी बसों की संख्या कम होगी। मुख्यमंत्री ने दिल्ली व आगरा जाने वाली बसों के लिए निर्धारित नारायण सिंह सर्किल बस स्टैंड को अन्यत्र जगह स्थानांतरित कर पीक आवर्स में बसें वहीं से संचालित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परकोटा क्षेत्र में यातायात का दबाव कम करने के लिए आमजन को रामनिवास बाग स्थित पार्किंग में सस्ती दरों पर पार्किंग सुविधा उपलब्ध करवायी जाए तथा परकोटे में आवागमन के लिए मिनी बसें व इलेक्ट्रिक गाड़ियां संचालित किए जाए। शर्मा ने कहा कि जयपुर में अलग-अलग जोन निर्धारित कर ई-रिक्शा का संचालन किया जाए तथा हर एक जोन के लिए ई-रिक्शा का अलग रंग तय कर दिया जाए, ताकि हर रिक्शा एक क्षेत्र विशेष में चले। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर के व्यापारिक संगठनों के साथ बैठक कर बाजारों को बंद रखने के लिए अलग-अलग दिन तय किए जाए तथा रात्रिकालीन बाजार के लिए भी अलग-अलग दिन निर्धारित हो। शर्मा ने सुझाव दिया कि सरकारी कार्यालयों में काम करने वाले तथा स्कूल कॉलेजों के विद्यार्थियों के लिए विशेष बस व्यवस्था संचालित की जाए, जिससे उन्हें कार्यालय या अध्ययन स्थल तक आने-जाने के लिए आरामदायक सार्वजनिक परिवहन उपलब्ध हो सके।

बैठक में मुख्य सचिव सुधांश पंत, अध्यक्ष, राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम शुभ्रा सिंह, अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त अखिल अरोड़ा, शिखर अग्रवाल, आनंद कुमार, महानिदेशक पुलिस हेमंत प्रियदर्शी, एडीजी यातायात अनिल पालीवाल के अतिरिक्त जेडीए, नगर निगम सहित संबंधित विभागों के उच्चाधिकारी उपस्थित रहे।

# असमर्थ लोगों के लिये अत्याधुनिक पुनर्वास केंद्र का उद्घाटन



**भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति, जो विश्व प्रसिद्ध जयपुर फुट की निर्माता संस्था है, के केन्द्र में आई.सी.आई.सी.आई बैंक फाउण्डेशन के सहयोग से इस अत्याधुनिक पुर्नवास केन्द्र का शुक्रवार को विधिवत उद्घाटन हुआ।**

**जयपुर।** लकवाग्रस्त और विभिन्न अन्य कारणों से ऐसे लोग जो सहजता से अपने अंगों के संचालन करने में असमर्थ हैं, के पुर्नवास के लिए नई आशा बनी है। भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति (बीएमवीएसएस), जो विश्व प्रसिद्ध जयपुर फुट की निर्माता संस्था है, के केन्द्र में आई.सी.आई.सी.आई बैंक फाउण्डेशन के सहयोग से इस अत्याधुनिक पुर्नवास केन्द्र का शुक्रवार को विधिवत उद्घाटन हुआ।

मालवीय नगर स्थित बीएमवीएसएस के केन्द्र में संचालित इस पुर्नवास केन्द्र की स्थापना आईसीआईसीआई बैक द्वारा सामाजिक सरोकार दायित्व योजना के अन्तर्गत की गई है। इस कार्य के लिए आईसीआईसीआई द्वारा पाँच करोड़ रुपये की सहायता मशीन और अन्य उपकरण के लिए दी गई। बीएमवीएसएस के केन्द्र में विशेष रुप से स्थापित इस केन्द्र का आईसीआईसीआई बैंक, युनाईटेड किंगडम (यू.के.) के नॉन-एक्जिक्यूटिव निदेशक स्टीफन रासेनहज एन क्रैग, माईकल जेम्स, सेरोना मैरी जोसफ के अलावा आईसीआईसीआई बैंक यूको के चीफ फाईनेशियल आफिसर धर्मवीर सिंह और सौरभ सिंह, सलाहकार आईसीआईसीआई फाउण्डेशन तथा आईसीआईसीआई के क्षैत्रिय प्रमुख रामगोपाल की उपस्थिति में केन्द्र का उदघाटन दीप प्रज्जवलित करके किया गया।

उदघाटन समारोह में बीएमवीएसएस के संस्थापक और संरक्षक डी.आर.मेहता, कार्यकारी निदेशक सलाउददीन अहमद, सचिव भूपेन्द्र मेहता सचिव, (तकनीकी) डॉ. दीपेन्द्र मेहता, मुख्य तकनीकी परामर्शदाता डॉ. एम.के.माथुर, परामर्शदाता डॉ. पूजा मुकुल, डॉ. ए.बी.शर्मा और डॉ. पी.के.जैन भी उपस्थित थे। इस पूरी योजना में प्रमुखत: सहयोग देने वाले संजय गुप्ता भी उपस्थित थे।

मुख्य संरक्षक डी.आर.मेहता ने उदघाटन समारोह के पूर्व जयपुर फुट की निर्माण विधि के बारे में बताया और कहा कि अब तक देश-विदेश के 23 लाख लोगों को जयपुर फुट और अन्य उपकरणों से लाभान्वित किया जा चुका है।

बीएमवीएसएस के सचिव, तकनीकी डॉ. दीपेन्द्र मेहता ने बताया कि यह पुर्नवास केन्द्र पूरे उत्तर भारत में अपनी तरह का अग्रणी केन्द्र है जिसमें लकवाग्रस्त लोगों के लिए लैक्सो मशीन और अन्य मशीनों और उपकरणा से इलाज कर उन्हें सामान्य जीवन व्यतीत करने की सुविधा है। ब्रेन-स्ट्रोक, स्पाईनल कार्ड और अन्य मोबिलिटी की बीमारियों से ग्रस्त मरीजों और उपकरणों से पुर्नवास किया जायेगा।

डॉ. दीपेन्द्र मेहता ने बताया कि रोबोटिक गेट प्रशिक्षण के हर मरीजों का उपयोगितानुसार इलाज अब केन्द्र में सम्भव हो सकेगा। लैक्सो मशीन से मरीज धीरे-धीरे लाभान्वित होकर सहज भाव से अपने अंगों का संचालन कर सकेगें और आसानी से अंग संचालन कर सकेंगे।

उल्लेखनीय है कि बीएमवीएसएस में पहले से ही फिजियोथेरेपी केन्द्र स्थापित है जो राज्य का श्रेष्ठ केन्द्र है।

## शैक्षिक सम्मेलन से शिक्षकों को प्रेरणा मिले : दिया कुमारी

**जयपुर/सीकर।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी के मुख्य आतिथ्य में शुक्रवार को राजस्थान शिक्षक संघ अंबेडकर का राज्य स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन 2025 सीकर जिले के बाबा खीवादास पीजी महाविद्यालय सांगलिया में आयोजित हुआ। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने राजस्थान शिक्षक संघ अंबेडकर द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन में शामिल होकर सभी शिक्षकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन शिक्षा के क्षेत्र में नये विचारों, योजना और नवाचारों को प्रोत्साहित करते है। उन्होंने कहा कि राजस्थान शिक्षक संघ अम्बेडकर द्वारा किये जा रहे इस आयोजन के माध्यम से शिक्षकों को प्रेरणा और मार्गदर्शन मिलने का अवसर मिलेगा, जिससे शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हो सकेगा। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि खींवादासजी महाराज ने हमेशा मानव एवं जीव सेवा को प्राथमिकता देते हुए समाज को जागरूक किया।